हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 राशि जमा कराने के बाद ही किसानों को मिलेगा पानी



08 मजदूर काम छोड़कर जाने का बोला तो खेत मालिक...



## खबर संक्षेप

### वितरण ट्रांसफार्मर की शिकायत 1912 पर करें

**नर्मदापुरम।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता कॉल सेंटर 1912 पर खराब तथा जले वितरण ट्रांसफार्मर की शिकायत करके उसका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी अपने उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने के लिए हमेशा तत्पर है। शहरी अथवा ग्रामीण उपभोक्ता 1912 का अधिक से अधिक उपयोग करके मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की त्वरित सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### श्रमिकों को बोनस भुगतान जरूरी

**नर्मदापुरम।** श्रम विभाग द्वारा राज्य में संचालित समस्त कारखानों और वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे संस्थान जहां बीस या इससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं और जिनका मासिक वेतन 21 हजार रूपये से कम है, उन्हें बोनस भुगतान किया जाना जरूरी है। अधिनियम के अनुसार हर लेखा वर्ष में किए गए कार्य के बोनस का भुगतान आगामी लेखा वर्ष में 30 नवंबर तक किया जाना चाहिए।

### नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर हुआ हादसा

# तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो जीप पलटी हादसे में 2 लोग हुए घायल, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में तेज रफ्तार बोलेरो तीन बार पलटी खाई और एक दुकान में जा घुसी। बोलेरो ने दुकान के सामने खड़ी 6 बाइक को भी रौंद दिया। हादसे में ड्राइवर समेत दो लोग घायल हुए हैं। ये पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। हादसा बुधवार सुबह करीब 11 बजे नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर हुआ।

वीडियो बुधवार देर रात सामने आया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बोलेरो की स्पीड काफी तेज थी। गाड़ी पिपरिया से नर्मदापुरम की ओर जा रही थी। सेमरी हरचंद के नर्मदा वैली स्कूल के सामने, आगे से आ रही एक बाइक को देखकर बोलेरो बेकाबू हो गई। इसके बाद सड़क पर तीन बार पलटी खाते हुए नीचे उतर गई और दुकान के टीन शेड और वहां खड़ी 6 बाइक से जा टकराई।

### नर्मदापुरम में तेज रफ्तार बोलेरो तीन बार पलटी खाई और एक दुकान में जा घुसी। बोलेरो ने दुकान के सामने खड़ी 6 बाइक को भी रौंद दिया



#### घायलों को अस्पताल पहुंचाया

बोलेरो ड्राइवर और उसका साथी हादसे में घायल हुए हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरी हरचंद पहुंचाया। बोलेरो में दिवाली के गिफ्ट और मिठाइयां रखी थीं।

#### सिवनी मालवा में भी हुआ एक हादसा

सिवनी मालवा के बानापुरा ब्रिज के पास एक तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार घायल हो गया, जबकि बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना बुधवार दोपहर की है। भोपाल से आ रही एमपी बस ने दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस बाइक के ऊपर से गुजर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार काफी अधिक थी। ड्राइवर के अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने की कोशिश करते हुए नियंत्रण खो बैठा। हादसे में ग्राम सालई निवासी कमलेश पंदराम बाइक से गिरकर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी मालवा पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शी नवीन राठौर ने बताया कि बस की गति बहुत तेज थी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार गिर गया और बस उसकी बाइक के ऊपर से निकल गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से घटना की जांच कर बस चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि बस चालक अक्सर समय पर पहुंचने के चक्कर में तेज गति से बस चलाते हैं, जिससे आए दिन ऐसे हादसे होते रहते हैं।

#### होगी कार्रवाई

घटना की सूचना मिलने पर सेमरी हरचंद पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी एसआई आकाशदीप पचाया ने बताया कि गाड़ी पिपरिया वाइन शॉप की थी। मिठाई और गिफ्ट आइटम रखे थे। किसी बाइक वाले को बचाने के चक्कर में गाड़ी पलट गई। हमारे पास कोई रिपोर्ट करने नहीं आया। अगर रिपोर्ट आती है तो कार्रवाई करेंगे।

# पुलिसकर्मी की पत्नी की अज्ञात कारणों से हुई मौत

### पुलिस ने मर्ग किया कायम, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में दीपावली की रात सशस्त्र पुलिस कॉन्स्टेबल की पत्नी की मौत हो गई। घटना के वक्त महिला सुसराल में दीपावली मना रही थी। सीने में दर्द होने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उसे मृत घोषित किया। मृतका के मायके पक्ष और पति के पहुंचने के बाद गुरुवार दोपहर में दो डॉक्टर की टीम ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम किया। मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया। मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मृतका सुनीता पति सुधीर सिंह कंगाली (34) निवासी श्रीरंग कॉलोनी बुधवाड़ा नर्मदापुरम है। मृतका सुनीता भोपाल के एक निजी हॉस्पिटल में नर्स थी और उसके पति सुधीर सिंह भोपाल 23 वीं बटालियन में कॉन्स्टेबल है।

पुलिस के मुताबिक 9 जून को सुधीर और सुनीता की शादी हुई थी। पिता सुखपाल सिंह मरावी ने बताया सोमवार को ही वो भोपाल से सुसराल नर्मदापुरम में दीपावली का पर्व मनाने आई थी। रात 9 बजे उसने हम सभी को वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल कर दीपावली की शुभकामनाएं, बधाई दी। वो उस समय दीपावली के दीपक सजा रही थी। एक घंटे बाद वापस बेटी सुनीता का कॉल आया और बोली मुझे सीने में दर्द हो रहा है। फिर उसके ससुराल वाले बेटी को अस्पताल ले गए। रात में दो, ढाई घंटे बाद कॉल आया बोले सुनीता इस दुनिया में नहीं रही।

फिर हम लोग बुधवार सुबह नर्मदापुरम के लिए रवाना हुए। देर शाम को नर्मदापुरम पहुंचे। मृत्यु को लेकर किसी भी प्रकार का शक मायके पक्ष ने फिलहाल जताया है। घटना के वक्त मृतका के पति सुधीर सिंह 31 अक्टूबर को गुजरात में होने वाली परेड ड्यूटी के लिए गए हुए थे। पत्नी की मृत्यु की सूचना के बाद बुधवार शाम को वो नर्मदापुरम पहुंचे।

# श्रमिकों की आयु गणना के लिये नवीन निर्देश हुए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत श्रमिक की आयु गणना के लिये श्रम विभाग द्वारा नवीन निर्देश जारी किये गये हैं। अब आयु गणना के लिये आधार कार्ड के आधार पर शब्द विलोपित किया गया है। आयु के प्रमाण के लिये परीक्षा लेने वाले बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र या अंकसूची या उस अंतिम विद्यालय द्वारा, जिसमें उसने अध्ययन किया, जारी किया गया विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र मान्य होगा। इसी तरह जन्म तथा मृत्यु के रजिस्ट्रार से प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत या मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्रमाण पत्र मान्य होगा। श्रम विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री बसंत कुर्रे ने बताया है कि उपरोक्त प्रमाण-पत्रों के न होने पर उस चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र, जो शासकीय सेवा में सहायक शल्य चिकित्सक की पद श्रेणी से निम्न पद श्रेणी का न हो का प्रमाण पत्र मान्य होगा। उक्त चारों दस्तावेजों अथवा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अन्य आयु संबंधी दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत गुण-दोष के आधार पर आयु संबंधी निर्णय लिया जायेगा।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रेरणा कांन्वेंट स्कूल की बास्केटबॉल खिलाड़ियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रेरणा कान्वेंट इंटरनेशनल स्कूल की टीम का बास्केटबॉल में चयन हाल ही में आयोजित एसजीएफआई द्वारा संपन्न जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बाजी मारते हुए प्रेरणा कान्वेंट इंटरनेशनल स्कूल की चार छात्राओं का बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्टेट लेवल पर चयन हुआ स्टेट लेवल प्रतियोगिता 23 अक्टूबर से 26 अक्टूबर के बीच शहडोल में आयोजित होने जा रही है इस हेतु नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर टीम को स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं पालकों के द्वारा शुभकामनाएं दी गई उपरोक्त प्रतियोगिता के बारे मे कोच प्रीति माझी द्वारा बताया गया कि प्रेरणा स्कूल से चार छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है जिनमें गुंजन



यादव, अंशिका गोंड, तनवी राजपूत, संचिता मांडवी शहडोल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर छात्राओं के द्वारा विद्यालय ही नहीं अपने समस्त नर्मदापुरम संभाग का मान बढ़ाया है।

# 25 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी, शराब ठेकेदार का था कर्मचारी, पुलिस कर रह मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सांडिया पुलिस चौकी क्षेत्र में एक शराब ठेकेदार के घर में उसके 25 वर्षीय कर्मचारी का शव फंदे पर लटका मिला है। यह घटना गुरुवार सुबह पिपरिया रीड स्थित शराब ठेकेदार राहुल जायसवाल के आवास पर सामने आई।



मृतक की पहचान सिमारा निवासी छोटेलाल कुमरे (25) पुत्र जगदीश कुमरे के रूप में हुई है। छोटेलाल के भाई मनोज कुमरे ने पुलिस को सूचना दी कि उसके भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मनोज कुमरे ने बताया कि छोटेलाल कई सालों से राहुल जायसवाल के यहां काम करता था। वह सांडिया स्थित उनके घर में अन्य कर्मचारियों के साथ रहता था। बुधवार रात 10 बजे उसने फोन रिचार्ज करने को कहा था। मनोज ने बताया कि बातचीत के दौरान छोटेलाल ने किसी तनाव या विवाद की कोई बात नहीं बताई थी। पुलिस को छोटेलाल का शव घर के जीने के ऊपर शेड से निकले लोहे के एंगल से फंदे पर लटका मिला। चौकी प्रभारी किशन उईके ने बताया कि शराब कर्मचारी ने फांसी लगाई है। मामला संदिग्ध लग रहा है। परिजनों ने फिलहाल किसी प्रकार की शंका व्यक्त नहीं की है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी ने कहा कि आत्महत्या के सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सोहागपुर में साइबर फ्रॉड का प्रयास विफल, डिजिटल अरेस्ट से एक व्यक्ति से ठगी करने का किया गया था प्रयास

### सोहागपुर पुलिस का जन संदेश- सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और साइबर फ्रॉड से बचें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र पुलिस द्वारा वर्तमान माह में राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसमें साइबर फ्रॉड व साइबर संबंधी अपराधों के बारे में पुलिस द्वारा लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आमजन अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा ना करें। एवं ओटीपी, बैंक संबंधित व एटीएम से संबंधित जानकारी फोन पर अंजान व्यक्ति को ना दें। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान व टीआई ऊषा मरावी के अनुसार डिजिटल अरेस्ट भी धोखाधड़ी का तरीका है। जिसका उपयोग साइबर अपराधी लोगों पर कानून तोड़ने का झूठा आरोप लगाते हुए करते हैं व दावा करते हैं कि उनके पास डिजिटल अरेस्ट वारंट है। सामान्यतः फ्रॉड लोग



पुलिस अधिकारी बनकर फोन करते हैं। अतः आमजन झांसे में ना आएं, अंजान लिंक ना खोलें, अंजान नंबरों की वीडियो कॉल ना उठाएं। जिन कॉलर को आप नहीं जानते, उनके नंबर ब्लॉक करें। एएसआई गणेश राय ने कहा कि सोशल मीडिया पर अंजान व्यक्ति या महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें एवं मैसेंजर पर बात करते समय सावधानी बरतें।

#### आया नया मामला

सोहागपुर थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार को सोहागपुर के मातापुरा वार्ड निवासी मोहम्मद इम्तियाज ने सोहागपुर थाने में शिकायत की है। जिसके अनुसार आवेदक को फ्रॉड लोगों द्वारा कानूनी कार्यवाही की बात कहकर डराया गया। इसके साथ ही रुपए जमा करने के लिए कहा गया। शिकायतकर्ता की सतर्कता के कारण कोई साइबर फ्रॉड नहीं हो पाया। यह आवेदन जांच में लिया गया है। टीआई ऊषा मरावी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 या WWW.cybercime.gov.in के Check & Report टैब पर रिपोर्ट करें।

### उपभोक्ताओं को मिले नये बिजली कनेक्शन

**नर्मदापुरम।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु सरल और सुविधाजनक तरीके से त्वरित नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा विगत जुलाई 2023 से शुरू किये गये ऑनलाइन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से अब तक भोपाल शहर में 62 हजार से अधिक नए कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं, जबकि पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में 04 लाख, 30 हजार से अधिक नए कनेक्शन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रदान किये गए हैं।

# श्रीरंग कालोनी में गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग दर्शन, श्रद्धालुओं ने किया प्रसादी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्थानीय बुधवाड़ा रोड स्थित श्री रंग कालोनी में बुधवार को गोवर्धन पूजा धूमधाम में हुई। इस दौरान भगवान को छप्पन भोग अर्पण किए गए। आयोजन में समस्त कालोनी निवासी शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार कालोनी निवासी पंडित प्रमोद शर्मा के निवास पर पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान गाय के गोबर से गिरराज धारण किए हुए भगवान का विग्रह बनाया गया। दोपहर में भगवान की विधिविधान से पूजा की गई।

पंडित शर्मा द्वारा भगवान द्वारा गोवर्धन धारण की कथा सुनाई गई।



साथ ही यह भी बताया कि यह कथा हमें पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति पूजा का संदेश भी देती है। भगवान ने इस लीला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का ही आदेश दिया है। पूजा में समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, अमित माहेश्वरी, धर्मेंद्र शर्मा, चिमन शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु शामिल हुए।

# यात्री बसों में अधिक किराया लेने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय से आठ किमी दूर स्थित मां नर्मदा व तवा के संगम स्थल बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार बांद्राभान मेला 03 से 06 नवंबर तक लगेगा। मेले की तैयारियां की जा रही हैं। इससे पहले कलेक्टर ने मेला स्थल पर लगने वाली दुकानों के बिजली कनेक्शन एवं झूलों का सुरक्षा प्रमाणन करवाए जाने के लिए भी निर्देशित किया। बांद्राभान मेला स्थल पर व्यवस्थित ले आउट डाला जाए। साथ ही दुकान आवंटन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपादित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मेला पहुंच मार्ग का सुधार कार्य शीघ्र ही पूरा किया जाए साथ ही जिन स्थानों पर समतलीकरण की आवश्यकता हो वहां मुरम बजरी आदि डाल कर उनका समतलीकरण करवाया जाए।

परिवहन आयुक्त के निर्देशों के परिपालन में दीपावही त्योहार को लेकर बस चालकों तथा स्वामियों को बस स्टैंड नर्मदापुरम पर सुरक्षित परिवहन हेतु विभिन्न निर्देश एवं समझाइश दी गई। बसों में अग्निशामक यंत्र, मेडिकल बॉक्स तथा इमरजेंसी दरवाजे को दुरुस्त रखने तथा किराया सूची लगाने के निर्देश दिए गए। यात्रियों से अधिक किराया नहीं लेने को सख्त निर्देश दिए गए तथा शिकायत प्राप्त होने पर कठोर करवाई की सख्त निर्देश दिए गए। त्योहारों के दौरान सड़क पर निजी वाहनों के द्वारा भी अधिक परिवहन किया जाता है, इस हेतु बस चालकों को अधिक तेज गति तथा लापरवाही से बस ना चलाने के निर्देश दिए गए।

### जिले में नरवाई, पराली जलाना हुआ प्रतिबंधित

# किसान अपने खेतों में विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग कर फसल अवशेषों का करें स्मार्ट प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में कृषि विभाग द्वारा किसानों को नरवाई/पराली (फसल अवशेष) जलाने के दुष्प्रभावों एवं उसके वैकल्पिक वैज्ञानिक प्रबंधन के उपायों की जानकारी देने के लिए सतत रूप से जागरूक किया जा रहा है। नरवाई जलाने की प्रक्रिया न केवल भूमि की उर्वरता को नष्ट करती है बल्कि पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य तथा जलवायु पर भी गंभीर प्रभाव डालती है। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि फसल कटाई के बाद खेतों में बची नरवाई जलाने से मिट्टी में पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्मजीव एवं परजीवी नष्ट हो जाते हैं। इससे मिट्टी की जैविक संरचना, नमी और उर्वरता कम होती है। नरवाई जलाने से वातावरण में कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं, जो वायु प्रदूषण बढ़ाती हैं और श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बनती हैं। इसके अतिरिक्त, नरवाई जलाने से मिट्टी की ऊपरी सतह कठोर हो जाती है, जिससे अगली फसल की बुवाई में कठिनाई आती है तथा सिंचाई के लिए अधिक पानी की आवश्यकता होती है।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) द्वारा नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी किसान द्वारा फसल अवशेष जलाना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत दंडनीय अपराध है। नरवाई/पराली जलाने के मामलों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है। जिले में भी नरवाई/पराली जलाना प्रतिबंधित किया गया है, एवं ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्राप्त नहीं होगा।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को कृषि के आधुनिक यंत्रों की जानकारी भी दी जा रही है, जिनका उपयोग कर नरवाई का वैज्ञानिक प्रबंधन किया जा सकता है। जिनमे प्रमुख रूप से हैप्पी सीडर यंत्र है। यह यंत्र नरवाई को हटाए बिना सीधे बुवाई करने में सक्षम है। साथ ही स्ट्रॉ रीपर नरवाई को काटकर एकत्र करता है, जिसे पशु चारे या जैविक खाद में प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही रोटावेटर यंत्र फसल अवशेष को मिट्टी में मिलाकर भूमि की उर्वरता बढ़ाने में सहायक होता है। सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम कंबाइन हार्वेस्टर से जुड़कर नरवाई को समान रूप से फैलाता है जिससे भूमि की नमी बनी रहती है।मल्चर एवं बेलर मशीनें फसल अवशेषों को काटकर गट्ठों में बदल देती हैं, जिनका उपयोग पशु चारे, ईंधन या कम्पोस्ट के रूप में किया जा सकता है।कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि नरवाई को जलाने की बजाय इसे कम्पोस्ट, बायोगैस उत्पादन, पशु चारे या मल्चिंग सामग्री के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

# हर्षोल्लास के साथ मना भाई दूज पर्व, बहनों ने किया तिलक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

दीपावली उपरांत यम द्वितीया पर भाईदूज पर्व गुरुवार को क्षेत्र में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को भाईयों ने अपनी बहनों के घर पहुंचकर दूज पूजन किया। जिसके बाद बहनों ने भाईयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनकी सुरक्षा की कामना की। भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### फर्स्ट ईयर के छात्र ने फांसी लगाई, मौत

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सदर इलाके में बुधवार शाम फर्स्ट ईयर के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मृतक छात्र का जिला अस्पताल में पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी नीरज पाल ने बताया कि सदर क्षेत्र निवासी प्रिंस माथनकर (19 वर्ष) ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, घटना के समय छात्र की मां और छोटा भाई भंडारे में गए हुए थे। घर लौटने पर उन्होंने प्रिंस को फांसी पर लटका पाया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज

**बैतूल।** नगर पालिका वॉलीबॉल ग्राउंड पर 24 से 26 अक्टूबर तक जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिले की 15 से 20 टीमें भाग लेंगी। मैच प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शुरू होकर रात 11 बजे तक खेले जाएंगे। आयोजन की जानकारी देते हुए बैतूल डिसिट्रक्ट एमेच्योर एसोसिएशन के इंद्रसेन सिंह ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बारस्कर का विशेष सहयोग है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 15 हजार रुपये का पुरस्कार तथा उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी बैतूल जिला वॉलीबॉल संघ की कार्यकारिणी द्वारा संभाली जा रही है, जिसमें अध्यक्ष गौरव सिंह किलेदार, उपाध्यक्ष मलुकचंद पंवार, सचिव प्रशांत सिंह पटेल, सहसचिव मनोज रहड़वे, कोषाध्यक्ष शिवनाथ यादव तथा सदस्य आनंद गिरी, रविशंकर गाडग़े और राहुल पटने सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। संघ ने सभी वॉलीबॉल खिलाडिय़ों और खेल प्रेमियों से ग्राउंड पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### तालाब में डूबे व्यक्ति का एसडीईआरएफ टीम ने किया रेस्क्यू

**बैतूल।** चिचोली तहसील के ग्राम चिरापाटला में एक व्यक्ति के तालाब में डूबने की घटना सामने आने की सूचना प्राप्त होने पर एसडीईआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर शव पुलिस को सौंपा। डिसट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड बैतूल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे डायल 112 के माध्यम से घटना की सूचना मिलते ही थाना चिचोली प्रभारी हवलदार अवधेश वर्मा के निर्देशन में एसडीईआरएफ की टीम आपदा प्रबंधन उपकरणों के साथ राहत एवं बचाव कार्य के लिए रवाना होकर लगभग 62 किलोमीटर दूर घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

### सिंचाई का किसानों पर 1.13 करोड़ रुपए है बकाया

# राशि जमा कराने के बाद ही किसानों को मिलेगा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जल संसाधन विभाग द्वारा प्रतिवर्ष रबी फसल की सिंचाई के लिए जलाशय से पानी दिया जाता है। इसके एवज में विभाग किसानों से जल शुल्क वसूल करता है। इस जल शुल्क की बकाया राशि वसूलने के लिए विभाग ने कार्रवाही तेज कर दी है। विभाग के मुताबिक किसानों पर सिंचाई जल शुल्क का एक करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। जिसमें से विभाग महज 14 लाख रुपए ही वसूल कर सका है। दरअसल जल संसाधन विभाग द्वारा राशि वसूलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभी भी कई किसान राशि देने में आनाकानी कर रहे है। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के अंतर्गत जल संसाधन विभाग के बैतूल एवं मुलताई डिवीजन हैं। बैतूल डिवीजन के अंतर्गत 6 उपसंभाग बैतूल, भैंसदेही, भीमपुर, चिचोली, घोड़ाडोंगरी एवं शाहपुर तथा मुलताई संभाग के अंतर्गत 4 उपसंभाग मुलताई, आमला, आठनेर एवं प्रभात पट्टन है। जिनके अंतर्गत निर्मित 7 मध्यम परियोजनाएं एवं 187 लघु योजनाएं हैं। इस प्रकार कुल 194 सिंचाईं योजनाएं क्रियान्वित हैं। आगामी रबी सीजन 2025 के लिए बैतूल-मुलताई डिविजन में 1 लाख हेक्टेयर सिंचाई लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें 74,115 हेक्टेयर क्षेत्र नहरों से और 25,885 हेक्टेयर क्षेत्र माइक्रो एरिगेशन प्रणाली से सिंचित किया जाएगा। वर्धा जलाशय से 5,700 हेक्टेयर और पारसडोह जलाशय से 19,785 हेक्टेयर में माइक्रो एरिगेशन प्रणाली के माध्यम से सिंचाई की जाएगी। वहीं, घोघरी जलाशय से पहली बार 7,000 हेक्टेयर में सिंचाई का परीक्षण किया जाएगा।

#### किसानों पर एक करोड़ से अधिक की राशि बकाया

किसानों पर रबी सीजन में सिंचाई के जलशुल्क का 113.491 लाख रुपए बकाया है। जिसकी वसूली के लिए विभाग हर साल अभियान चलाता है, लेकिन अभी तक सिर्फ 14.940 लाख रुपए ही वसूल कर सका है। जबकि हर साल रबी सीजन में पानी दिए जाने के कारण किसानों पर बकाया राशि बढ़ती जा रही है। विभाग का कहना था कि जल शुल्क का पैसा नहीं दिए जाने पर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। शासन द्वारा नहरों के मेंटेनेंस के लिए दिया जाने वाला बजट भी काफी कम होता है। जिसके कारण विभाग के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई है।

#### 125 रूपये प्रति हेक्टैयर के दिया जाता है पानी

जल संसाधन विभाग द्वारा सीजन के हिसाब से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है। जमीन तैयार करने के लिए खरीफ और रबी सीजन में 125 रुपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से पानी दिया जाता है। गेहूं में पलेवा के लिए 125 रुपए हेक्टेयर और प्रत्येक बार अतिरिक्त पानी लेने पर 75 रुपए प्रति हेक्टेयर पानी दिया जाता है। चने में प्रत्येक बार पानी के लिए 75 रुपए प्रति हेक्टेयर, धान के लिए 155 रुपए प्रति हेक्टेयर, मूंगफल्ली, ज्वार, मूंग, सोयाबीन, तिल, उड़द, तुअर के लिए 50 रुपए हेक्टेयर, कपास के लिए प्रत्येक पानी 70 रुपए हेक्टेयर के हिसाब से पानी दिया जाता है।

#### किसानों पर 1.13 करोड़ रुपए जल शुल्क बकाया

जिले के ब्लाकों में किसानों पर कुल 1 करोड़ 13 लाख 491 लाख रूपये बकाया है। विभाग को बैतूल ब्लाक में 38.939 लाख वसूलना था, जिसमें से विभाग मात्र 7.418 लाख ही वसूल पाया है। इसी तरह शाहपुर 13.334 लाख में से 1.250 लाख, घोड़ाडोंगरी 23.164 लाख में से 4.915 लाख, चिचोली 5.836 लाख में से 0.138 लाख, भीमपुर 6.939 लाख में से 0.372 लाख, भैंसदेही 25.279 लाख में से 0.847 लाख कुल 1 करोड़ 13 लाख 491 रूपये में से विभाग 14 लाख 940 रूपये वसूल कर पाया है। शेष राशि किसानों से वसूलना शेष है।

**संपर्क कर रहे हैं**

*पिछले साल रबी सीजन में सिंचाई के लिए जो पानी दिया गया था, उसकी वसूली के लिए किसानों से संपर्क किया जा रहा हैं। वसूली नहीं होने के कारण किसानों पर सिंचाई का करीब एक करोड़ से अधिक बकाया है। एसडीओ और कर्मचारी वसूली के लिए लगातार किसानों से संपर्क कर रहे हैं।*

*-रोशन कुमार, ईई, जल संसाधन विभाग, बैतूल*

### भाई दूज पर ताप्ती नदी में उमड़ी भीड़

## भाई-बहनों ने लगाई डुबकी यमदेव से मांगा आशीर्वाद



**बैतूल।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया। दीपावली के बाद आने वाला यह पर्व भाई-बहन के स्नेह, समर्पण और सुरक्षा के पवित्र रिश्ते को समर्पित है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस दिन यमराज अपनी बहन के घर गए थे। बहन ने उनका स्वागत कर तिलक लगाया और आरती उतारी। प्रसन्न होकर यमराज ने वचन दिया कि जो भाई इस दिन अपनी बहन के हाथों तिलक लगवाकर स्नान करेगा, उसे यमलोक का भय नहीं रहेगा और वह मोक्ष का अधिकारी बनेगा। इसी मान्यता के चलते खेड़ीसावलीगढ़ में सुबह से ही ताप्ती नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भाई-बहनों ने साथ मिलकर ताप्ती नदी में पवित्र डुबकियां लगाईं और यमदेव से सुख, शांति तथा समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। स्थानीय मान्यता है कि जो भाई-बहन इस दिन ताप्ती नदी में स्नान करते हैं, उन पर यमदेव की विशेष कृपा बनी रहती है। ऐसा माना जाता है कि ताप्ती में स्नान करने वाले व्यक्ति को यमलोक के मार्ग में कोई कष्ट नहीं होता और उसे दिव्य लोक की प्राप्ति होती है। ताप्ती खेड़ी घाट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा-अर्चना की। घाट परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर ताप्ती माता और यमदेव से मंगलकामनाएं कीं। भाई दूज के इस पावन अवसर पर ताप्ती नदी में किया गया यह पुण्य स्नान अनंत काल तक पुण्य फल प्रदान करने वाला माना जाता है।

### कनारी बासुपुरा के लोगों ने दिया नोटिस का जवाब



**शाहपुर।** उप वन मंडल शाहपुर को ग्राम पंचायत टोकरा के कनारी बासुपुरा के लोगों द्वारा वन विभाग के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों द्वारा दिए गए अतिक्रमण के संबंध में नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जनपद सदस्य अशोक कलमें ने बताया कि देश की आजादी के समय से हमारे पूर्वज वहां पर काश्तकारी का काम करके अपना जीवन यापन करते चले आ रहे हैं। कुछ समय पहले चिचोली तहसीलदार द्वारा निवासरत और काश्तकारी की जमीन पर अर्थदंड भी किया गया है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से अपनी बात वन विभाग शाहपुर के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के इस मामले की निष्पक्ष और सत्यता से पूर्ण जांच की जाए।

## नवजात के दिल के ऑपरेशन के लिए सीएमएचओ ने स्वीकृत किए 2.75 लाख

### बच्चे की जिंदगी बचाने आगे आए आरबीएसके जिला प्रबंधक और सीएमएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



अक्सर कहा जाता है कि सरकारी कार्यालयों में काम कछुआ गति से होते हैं, लेकिन बैतूल स्वास्थ्य विभाग ने इस धारणा को बदलते हुए मानवता की मिसाल पेश की है। अवकाश के दिन भी कार्यालय खोलकर आर.बी.एस.के. जिला प्रबंधक योगेन्द्र कुमार की तत्परता और सीएमएचओ डॉ. मनोज हुरमाड़े की संवेदनशीलता के चलते 1 माह 13 दिन के नवजात शिशु आद्विक इवने के हृदय ऑपरेशन के लिए 2 लाख 75 हजार रुपये की राशि तत्काल स्वीकृत कर दी गई।

वार्ड क्रमांक 1 शाहपुर निवासी संजय कुमार इवने के पुत्र आद्विक को जन्म के कुछ दिनों बाद ही सांस लेने में दिक्कत और तेज धडक़न की समस्या होने लगी। चिकित्सक की सलाह पर नागपुर में ईको जांच कराई गई, जिसमें बच्चे को गंभीर हृदय रोग पाया गया। परिजनों ने पहले रायपुर के सत्य सांई अस्पताल में निशुल्क इलाज की कोशिश की, लेकिन बच्चे को सर्दी-खांसी के कारण जांच नहीं हो सकी।

इसके बाद पिता संजय कुमार इवने ने आर.बी.एस.के. जिला प्रबंधक योगेन्द्र कुमार से संपर्क किया। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत इंदौर के राजश्री अपोलो अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञों से चर्चा की। डॉक्टरों की सलाह पर बच्चा इंदौर ले जाया गया, जहां जांच में हृदय की कई जटिल समस्याएं पाई गईं, जिनमें फेफड़ों से हृदय तक जाने वाली नली का गलत जुड़ाव शामिल था। डॉक्टरों ने तुरंत ऑपरेशन की आवश्यकता बताई, क्योंकि बच्चे का ऑक्सीजन स्तर तेजी से गिर रहा था। बच्चे की रिपोर्ट और ऑपरेशन का इस्टीमेट योगेन्द्र कुमार को भेजे जाने पर उन्होंने तत्काल सीएमएचओ डॉ. मनोज हुरमाड़े से चर्चा की। डॉ. हुरमाड़े ने अवकाश के बावजूद कार्यालय खोलकर शासन की आर.बी.एस.के. योजना के तहत 2 लाख 75 हजार रुपये की राशि स्वीकृत कर आदेश जारी किया। यदि यह योजना नहीं होती, तो बच्चे के ऑपरेशन पर करीब 10 से 12 लाख रुपये का खर्च आता, जो परिवार के लिए असंभव था। इस मानवीय पहल में कंप्यूटर ऑपरेटर प्रवीण मेहुणकर का भी विशेष योगदान रहा।

### मतदाता सूची में दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 24 तक

**बैतूल।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर निकाय एवं पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया गया है। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम जोडऩे, संशोधन कराने तथा दावा-आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बताया कि जनपद पंचायत स्तर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरपालिका के प्रत्येक वार्ड में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर 2025 दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जो भी व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराना चाहता है, दर्ज प्रविष्टियों में संशोधन कराना चाहता है या किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज कराना चाहता है, वह निर्धारित तिथि 24 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक संबंधित कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

## मोही फीडर के आधा दर्जन ग्रामों में दो दिन से पसरा अंधेरा, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मुलताई क्षेत्र के मोही फीडर से जुड़े आधा दर्जन ग्रामों में पिछले दो दिनों से अंधेरा पसरा हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 21 अक्टूबर को शाम 4 बजे से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद है। इसके बाद से ग्रामीण लगातार बिजली आने का इंतजार कर रहे हैं।

नामदेव पटाया (सरपंच उभारिया), गोविंद कौड़े (कुंडई), पवन नरवरे (बोथिया) और सुखदेव सोलंकी (उभारिया) ने बताया कि मोही फीडर से जुड़े ग्राम बोथिया, सोमलपुर, उभारिया, जूनापानी एवं अन्य आदिवासी क्षेत्र हैं, जहाँ दीपावली पर्व के बाद गोवर्धन पूजा विशेष रूप से मनाई जाती है। दीपावली के बाद प्रत्येक ग्राम में अलग-अलग दिन गोवर्धन पूजा का आयोजन होता है, लेकिन इस बार ग्रामीणों को यह पर्व अंधेरे में मनाना पड़ा। बिजली बंद रहने के कारण ग्रामीण न तो अपने मोबाइल फोन चार्ज कर पा रहे हैं और न ही घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग कर पा रहे हैं। यहां तक कि बिजली न होने से आटा चक्कियाँ भी बंद हैं, जिससे ग्रामीण गेहूं तक नहीं पीस पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। बीते आठ महीनों से ग्रामीण बिजली की आंख-मिचौली झेल रहे हैं। सप्ताह में दो से तीन दिन विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी समस्या से विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत करा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। लाइन बंद होने पर अधिकारियों को फोन करने पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। इन क्षेत्रों की लगातार बढ़ती बिजली समस्या को देखते हुए विभाग को इसका स्थायी समाधान शीघ्र निकालने की आवश्यकता है।

**सुधार कराएंगे**

*हर बार ऐसा नहीं होता, अभी ही यह समस्या आ रही है। मैं अभी साइट पर ही हूं। शीघ्र ही फाल्ट सुधार कर विद्युत लाइन प्रारंभ कर दी जाएगी।*

*-राकेश पवार, इंजीनियर, मप्र विद्युत वितरण कंपनी जौलखेड़ा मुलताई*

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

### 29 अक्टूबर को पूर्णाहुति हवन व प्रसादी के साथ होगा समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

धार्मिक नगरी बैतूलबाजार में गुरुवार को आध्यात्मिक वातावरण में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। वर्मा परिवार द्वारा अपने पितरों की स्मृति में आयोजित इस कथा कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया।

महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया, वहीं पुरुषों और युवाओं ने जयघोषों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कैलाश वार्ड निवासी कृष्णकुमार वर्मा, मालती मधुसूदन वर्मा, शिवनारायण वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, राजीव वर्मा और स्वप्निल वर्मा के निवास से सुबह 11:30 बजे कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा सिंहवाहिनी चौक स्थित मंदिर, बड़ा श्रीकृष्ण मंदिर, माता मंदिर बावली, श्रीराम मंदिर, शुक्ला चौक शिव मंदिर, चौकीपुरा बड़ा शिव मंदिर, सती माता मंदिर, सिद्ध बजरंग मंदिर और महतो परिवार के शिव मंदिर से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंची। यात्रा के दौरान भक्तों ने नगर के सभी देवी-देवताओं का पूजन कर उन्हें कथा में आमंत्रित किया।

आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित गोपाल कृष्ण गोस्वामी द्वारा विधि-विधान से कलश पूजन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से भागवत कथा का वाचन प्रारंभ हुआ। कथा श्रवण के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 8 से 11 बजे तक संस्कृत पाठ एवं पूजन का आयोजन होगा। वहीं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। कथा का समापन 29 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे पूर्णाहुति हवन एवं भोजन प्रसादी के साथ किया जाएगा। कथा आयोजक परिवार ने नगरवासियों और श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करें और पुण्य लाभ अर्जित करें।

### समन्वय समिति की बैठक में हर बूथ तक कांग्रेस को पहुंचाने का लिया संकल्प

## सेक्टर व बूथ प्रभारी भी होंगे नियुक्तः निलय डागा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल


जिला कांग्रेस की समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार 23 अक्टूबर को गंज कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में राजनीतिक रणनीति का बड़ा खाका तैयार किया गया। नव नियुक्त जिला प्रभारी और जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके ने कहा कि हर बूथ पर कांग्रेस को मजबूत करना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर से पुनर्जीवित कर कांग्रेस को जनता से जोडऩा ही 2028 की जीत का आधार बनेगा।

उन्होंने कहा कि हमने बूथ सशक्तिकरण अभियान से शानदार परिणाम देखे हैं। बैतूल कांग्रेस भी उसी मॉडल पर आगे बढ़ेगी। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा, वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और सेक्टर अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दूसरे सत्र में विस्तृत चर्चा के दौरान कांग्रेस की संगठनात्मक संरचना को बूथ से लेकर सेक्टर स्तर तक सशक्त बनाने पर सहमति बनी। बैठक में स्वागत उद्बोधन के साथ ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने में जिला प्रभारी की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने बताया कि अभी हमने मंडलम और बूथ प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं, अब जल्द ही सेक्टर प्रभारी और बूथ प्रभारी की भी घोषणा की जाएगी, ताकि हर स्तर पर संगठन सक्रिय रहे।

#### जनता की आवाज बनना ही विपक्ष की असली भूमिका

बैठक के विशेष सत्र में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे ने कहा कि विपक्ष की असली भूमिका जनता की आवाज़ बनना है। आज जब सत्ताधारी दल जनता से कट रहा है, तब कांग्रेस को गाँव-गाँव में जाकर संवाद स्थापित करना होगा। जनता आज भी भरोसा कांग्रेस पर ही करती है, बस हमें उस भरोसे को फिर से जगाना है।।कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने इस बैठक को ऐतिहासिक बना दिया। बैठक में कांग्रेस संगठन के आगामी राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान और बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) गठन पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला प्रभारी सुनील उइके ने कहा कि यह अभियान कांग्रेस के जनसंपर्क को नई दिशा देगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से हस्ताक्षर कराए जाएंगे, जिससे जनता की आवाज़ दिल्ली तक पहुंचे। साथ ही हर मतदान केंद्र पर बीएलए की नियुक्ति कर कांग्रेस के बूथ प्रबंधन को सुदृढ़ किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन को मज़बूत करने के साथ ही जनता के मुद्दों को भी प्रत्यक्ष रूप से जोडऩे का कार्य करेंगे। बैठक में संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, बैतूल प्रभारी गोविंद शर्मा, घोडाडोंगरी प्रभारी हर्षवर्धन बघेल, मुलताई प्रभारी आनंद राजपूत, आमला प्रभारी राजीक अली, भैंसदेही प्रभारी गोविंद व्यास, पूर्व विधायक पी.आर. बोडखे, ब्रम्हा भलावी, धरमूसिंह सिरसाम, पूर्व जिलाध्यक्ष सिद्धिक पटेल सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## सूने घर में चोरी, लाखों का माल ले उड़े बदमाश



**देवास।** शहर के नावेल्टी चौराहा स्थित हेबतराव मार्ग पर संतोष बासरकर के घर में अज्ञात बदमाशों ने बुधवार को चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर सूने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, चांदी के बर्तन और 9 लाख रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) चुरा ले गए। घटना के समय संतोष बासरकर अपनी पत्नी सुजाता के साथ भाई दूज के लिए इंदौर गए थे। पड़ोसियों ने उन्हें घर में चोरी होने की सूचना दी। जब वे घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीड़ित परिवार ने तत्काल पुलिस को मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुजाता बासरकर ने पुलिस को बताया कि चोरों ने उनके घर से दो चांदी की थाली, छह गिलास, एक चांदी की कटोरी, दो लोटे, एक सोने का हार, दो सोने के कड़े और दो सोने की बालियां चुराई हैं। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपए आंकी गई है।

## सांसद चौधरी ने कहा-केंद्रीय बजट में नर्मदा संरक्षण और कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता

# मढ़ई मेले के लिए थी टैंकर की दरकार पर सचिव के घर सेवाएं दे रही थी टंकी

**स्थाई सीईओ विहीन सोहागपुर जपं में सीनियर, दबंग व प्रभावी ग्रापं सचिव मनमानी कर रहे हैं। एक मामला गुरुवार को सामने आया, जब ग्रापं गौंड़ीखेड़ी माल का सरकारी टैंकर सचिव के घर सोहागपुर में खड़ा था और मढ़ई मेले में टैंकर के लिए ग्रामीण परेशान हुए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सोहागपुर के गौंड़ीखेड़ी माल में गुरुवार को में मढ़ई मेला सजा। लेकिन मेले के लिए ग्रामीणों को टैंकर नहीं मिला। क्योंकि टैंकर ग्रापं सचिव के घर खड़ा था। ग्रामवासियों ने बताया कि मढ़ई मेले में आदिवासी गांवों से सैकड़ों लोग गौंड़ीखेड़ी माल में एकत्र होते हैं। तथा पानी के टैंकर की आवश्यकता प्रतिवर्ष होती है। गुरुवार को भी पेयजल के लिए पानी के टैंकर की आवश्यकता थी, लेकिन ग्राम में टैंकर नहीं था। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिव एलएस मेहरा से चर्चा की। तो पता चला कि टैंकर तो सचिव के सोहागपुर में निर्माणाधीन मकान के पास खड़ा है। क्योंकि मकान निर्माण में पानी के लिये ग्राम पंचायत के टैंकर का उपयोग सचिव महोदय द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों की आपत्ति है कि शासकीय संपत्ति का उपयोग सचिव निजी काम के लिए कर रहे हैं। ग्रामीणों ने सचिव से आग्रह किया कि टैंकर गांव पहुंचाएं। तो सचिव ने जवाब दिया कि जिसे जरूरत है वह स्वयं टैंकर उठाकर ले जाए। हरिभूमि ने सचिव मेहरा से चर्चा का प्रयास किया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### नहीं मिली सफलताः सरपंच

मामले में हरिभूमि ने गुरुवार दोपहर ग्राम पंचायत गौंड़ीखेड़ी माल के सरपंच सुरेश कुशवाहा से चर्चा की। कुशवाहा ने बताया कि ग्रामीणों ने उनसे भी टैंकर की मांग की थी। उन्होंने भी ग्राम पंचायत सचिव से टैंकर लौटने का आग्रह करने के लिए फोन कॉल्स की। लेकिन सचिव ने सरपंच की फोन कॉल्स अटेंड नहीं की। सरपंच सुरेश कुशवाहा ने इस बात की पुष्टि की है कि ग्राम गौंड़ीखेड़ी माल में गुरुवार को टैंकर उपलब्ध नहीं था। जबकि मढ़ई मेले के लिए टैंकर की आवश्यकता थी।

### बदहाल जपं क्षेत्र

उल्लेखनीय है कि सोहागपुर जपं फिलहाल सीईओ विहीन है। जपं सोहागपुर सीईओ का प्रभार जपं पिपरिया सीईओ के पास है। जिनके लिए दो नाव की सवारी कर पाना थोड़ा मुश्किल हो रहा है। इस स्थिति में एक पीसीओ साहब जैसे तैसे सोहागपुर जपं का काम चला रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल मप्र जपं संघ के प्रदेश अध्यक्ष हैं। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की जनपद पंचायत में इस तरह की बदहाली ग्रामीण क्षेत्र के बाशिंदों की समझ से परे है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



स्टेट हाईवे 22 पर फुदना नाले के पास गुरुवार लगभग 3:00 बजे करीब दो मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई जिसके कारण दोनों मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना किसी राहगीर द्वारा 112 की पायलट को दी सूचना मिलने पर डायल 112 की पायलट अशोक चौरे पुलिस आरक्षक अतुल शर्मा एवं आरक्षक सेवक अहिरवार ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को तत्काल डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर पहुंचाया गया जहां उनको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

एक घायल को उनके परिजनों द्वारा निजी अस्पताल ले जाया गया। दोनों मोटरसाइकिलों में इतनी बुरी तरह से टक्कर हुई की रामविलास टीकम उम्र 40 वर्ष निवासी उरदौन के सर में गंभीर चोट आई और अधिक मात्रा में खून बह गया जिसे बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं दूसरे घायल अजय परवाचे उम्र 24 साल निवासी सारंगपुर की एक पैर का अंगूठा कट कर अलग हो गया। 112 की पायलट एवं पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाया जिससे उनकी जान बच गई।

### मंदिरों में अन्नकूट उत्सव मनाया, प्रसादी बांटी

**माखन नगर।** नगर के मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन किया गया मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की गई शाम को भगवान को अनेक व्यंजन का भोग लगाया उसके बाद नगर वासियों को प्रसाद वितरण किया नगर के नरसिंह मंदिर पटेल मंदिर शनिचरी बाजार के राधा कृष्ण मंदिर नामदेव छीपा समाज के मदिर वीर बंबू चौराहा के शंकर मंदिर पटवारी लाइन हनुमान मंदिर सहित नगर के मंदिरों में प्रसाद लेने वालों की भीड़ लगी सभी ने प्रसाद लिया।

## भाई दूज को बहन के घर का भोजन करने से भाई निरोगी रहता है



**पिपरिया।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भाई दुबे ,यम द्वितीया,का त्योहार मनाया गया।भाई बहन के संबंध का पवित्र प्रतीक माना जाता है।इस दिन यमराज भी अपनी बहना यमुना के यहां भोजनकरने आते हैं।बहन भाई को अपने हाथों से भोजन कराती है तो भाई सदा निरोगी रहता है। तथा परंपरा यह भी है।इस दिन भाई बहन एक दुसरे का हाथ पकड़कर यमुना में स्नान करके मनाईजा थी है। इससे भाई की अकाल मृत्यु नहीं होती है।इस तरह से अनेक कथाएं शास्त्रों में है।भाई की आयु बढ़ती जा रही है।समरधि आती है।इस दिन बहनें अपने भाइयों को अजय अमर निरोगी रहने का आशीर्वाद शुभकामनाएं बधाई देती है।नगर पालिका परिषद क्षेत्र सेलेकर जनपद पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक समाजों में भी मनाया गया।

## बहनों ने भाई को लगाया तिलक भाई दूज का त्यौहार मनाया



**माखन नगर।** भाई दूज, जिसे यम द्वितीया भी कहा जाता है, दीपावली के पांचवें और अंतिम दिन मनाया जाता है. यह त्योहार भाई-बहन के प्रेम, त्याग और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें भाई बहन की रक्षा का वचन देता है. ऋग्वेद और पुराणों में इस पर्व का उल्लेख मिलता है, जो इसे दीपावली का सबसे प्राचीन और प्रामाणिक पर्व बनाता सभी जगह परंपरागत तरीके से भाई दूज का त्यौहार मनाया यहां भाइयों ने अपनी बहन के घर पहुंच कर बहन से तिलक लगवाया बहनों ने अपने भाई की सुख समृद्धि की कामना की।

## नर्मदांचल के मंदिरों में मनाया गया अन्नकूट उत्सव, छप्पन भोग लगाकर बांटी गई प्रसादी

**बडिया बारे मंदिर में हुआ अयोजन, लोगों ने भक्ति और आस्था जताई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र से लेकर जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी मठ मंदिर में दीपावली के बाद से महोत्सव कीधूम मची हुई है। मंगलवारथाने के अंतर्गत आने वाले बड़े मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्तिक मास की द्वितीया तिथि को अन्न कूट महोत्सव मनाया गया।इस दिन भगवान को 56प्रकार के भोग लगाएं जाते हैं।इस दिन भगवान का विशेष श्रृंगार भी किया गया। तथा प्रसाद का वितरण किया गया।याद रहे इस मंदिर की एक शाखा नर्मदापुरम संभाग में है। तथा शोभागपुर में से उसके बाद पिपरिया में भी है। सभी जगह अलग अलग तिथियां घोषित की गई है। मंदिर के महंत पूजारी लगातार सेवा में लगे हुए हैं।

### माखननगर में मंदिरों में अन्नकूट उत्सव मना, प्रसादी बांटी

**माखन नगर।** नगर के मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन किया गया मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की गई शाम को भगवान को अनेक व्यंजन का भोग लगाया उसके बाद नगर वासियों को प्रसाद वितरण किया नगर के नरसिंह मंदिर पटेल मंदिर शनिचरी बाजार के राधा कृष्ण मंदिर नामदेव छीपा समाज के मदिर वीर बंबू चौराहा के शंकर मंदिर पटवारी लाइन हनुमान मंदिर सहित नगर के मंदिरों में प्रसाद लेने वालों की भीड़ लगी सभी ने प्रसाद लिया। मंदिरों में भक्तों का आना दिन भर जारी रही रहा वहीं देर शाम मंदिरों में आरती का आयाजन भी हुआ।

## गोवर्धन पूजा का आयोजन कर लगाया छप्पन भोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पूर्व तालुकेदार गरु परिवार में गोवर्धन पूजन का आयोजन किया गया परंपरागत तरीके से गोवर्धन पूजा की गईं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष निकुंज लता गुरु ने पूजन में छप्पन भोग लगाया गौ वंश की पूजन आरती की और प्रसाद वितरण किया इस अवसर पर गुरु परिवार के राजेश गुरु विनीत गुरु युवा भाजपा नेता हर्षित गुरु एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## देवनारायण मंदिर परिसर में लगा मड़ई मेला ढालों का आकर्षक प्रदर्शन, श्रद्धालु हुए शामिल

**पारंपिरक प्रथा का किया गया निर्वहन, काफी संख्या में उमड़े लोग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नजदीकी ग्राम झालौंन मैं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भाई दूज के अवसर पर पारंपरिक मड़ई मेले का आयोजन किया गया जिसमें मोर की पंख से सजी सुंदर ढाल एवं बंगाल की प्रसिद्ध जादूगरनी गांगो माई के पूजन उपरांत ढाल प्रदर्शन किया गया।

ज्ञात हो कि ग्राम झालौंन में पिछले कई वर्षों से मड़ई मेला नदी किनारे आयोजित होता था इस वर्ष सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण पटेल के प्रयासों से मड़ई मेले का स्थान परिवर्तित कर मेले का आयोजन देवनारायण मंदिर परिसर मैं आयोजित करने का प्रस्ताव रखा जिसे गांगो माई के अनुयायियों ने सहजता से स्वीकार किया मड़ई मेले में सजी हुई ढालो पर ग्राम झालौन के सरपंच द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किए गए मेले में बड़ी संख्या में जालौन एवं आसपास के ग्रामीणो ने उपस्थिति दर्ज की

### गवली समाज ने की गोवर्धन पूजा

**देवास।** गवली समाज द्वारा दिवाली के बाद पारंपरिक रूप से मनाई जाने वाली गोवर्धन पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। रवि यादव ने बताया कि समाज की महिलाओं ने सुबह जल्दी उठकर गाय का गोबर एकत्रित किया और उससे गोवर्धन पर्वत की आकृति तैयार की। इसके बाद उसे मोर पंख, फूलों और दीपों से सजाया गया। पूजा विधि के अनुसार, समाज के लोगों ने गोवर्धन की परिक्रमा की और भगवान श्रीकृष्ण से परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। पूजा संपन्न होने के बाद परंपरा अनुसार बच्चों को गोवर्धन में लिटाया गया, ताकि वे पूरे वर्ष स्वस्थ और दीर्घायु रहें। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि यह परंपरा श्रीकृष्ण काल से चली आ रही है, उन्होंने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप और मूसलाधार वर्षा से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था।

## सकल जैन समाज ने निर्वाण महोत्सव किया आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

अहिंसा के अवतार करुणा के सागर 1008 भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव के अवसर पर स्थानीय श्री दिगंबर जैन मंदिर मंगलवारा बाजार में सकल जैन समाज द्वारा निर्वाण लाडू चढ़ा कर दीपावली मनाई गई! आयोजन में सकल जैन समाज शामिल हुआ।

## एसडीएम ने मनाया विस्थापितों के साथ दीपपर्व





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जब भी व्यवस्था के शक्ति केंद्र वंचितों तक जाते हैं, तो नव संदेश प्रसारित होते हैं। इसी तरह सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने गत दिवस विस्थापित ग्राम काजरी पहुंचकर बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया है।

ग्राम काजरी में एसडीएम ने आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को दीपावली पर उपहार वितरित किये। एसडीएम ने ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के लाभ बावत चर्चा भी की। इस दौरान ब्लॉक के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान अधिकारियों ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

**एक घर ऐसा भीः 70 से 80 सदस्यों का परिवार आज भी मनाता है एक साथ पर्व**

# चौहान परिवार आज भी कर रहा परंपराओं का निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर के चौहान परिवार में आज भी सामूहिक रूप से सभी पर्व मनाए जाते हैं। चौहान परिवार में तीज व त्यौहार पर परिवार जनों का जमावड़ा लगता है। जहां आज के जमाने में लोग अकेले रहना पसंद करते हैं वही नगर के चौहान परिवार में सात भाइयों के 14 पुत्र और उन पुत्रों के परिवार के सदस्यों को मिलाकर लगभग 70 से 80 सदस्य त्यौहारों पर एक साथ इकट्ठे होकर त्यौहार मनाते हैं और पुरानी परंपराओं का निर्वहन करते है। परिवार के बुजुर्ग मुखिया उत्तम सिंह ठाकुर, पर्वत सिंह ठाकुर, कृपाल सिंह ठाकुर व जय सिंह ठाकुर ने अपने पूरे परिवार को एक साथ एक ही माला में आज भी पिरोए रखा है जो भी परिवार जन अपने काम धंधे व बच्चों की पढ़ाई के चलते बाहर चले गए हैं वह भी सभी तीज त्योहार पर परिवार में शामिल होते हैं।


जहां जीवन सिंह ठाकुर बताते हैं कि हमारे परिवार के सदस्य इंदौर, देवास, राजोदा, व अन्य जगहों से माता पूजन, दीपावली, गोवर्धन पूजा, रंग पंचमी, होली जैसे सभी त्योहार मनाने भौरासा आते हैं व एक साथ त्यौहार मनाते हैं। आज भीहमारे यहां पर गोवर्धन पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाती है। वही महिलाएं अपने घर के बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर उनकी पूजा करती है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पशुओ को नहलाकर उन्हें सजाया जाता है और उनकी पूजा की जाती है। वही ग्रामीण क्षेत्रों में छाबड़ा भी खिलाया जाता है।

नगर के ठाकुर मोहल्ले में स्थित चौहान परिवार के द्वारा बुधवार को दिनभर का नजारा किसी मथुरा या वृंदावन से कम नहीं था। ठाकुर मोहल्ले की गलियों में राधे राधे मोर मुकुट बंसी वाले की जय जय घोषगूंज रहे थे। भक्ति और उल्लास के इस माहौल में परिवार जन गोवर्धन पूजा और परिक्रमा करते हुए नजर आए। जहां बैंड बाजे के साथ आरती पूजन संपन्न हुआ तो वही चारों और उल्लास और श्रद्धा का वातावरण छा गया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में गरबा व भजन कर रही थी तो बच्चे और बुजुर्ग भी भक्ति में डूबे हुए थे। शाम 5:00 बजे से शुरू हुआ पूजन देखते ही बन रहा था। चौहान परिवार की महिलाओं ने घरों से गोबर एकत्रित कर सामूहिक रूप से गोवर्धन का निर्माण किया।

पारंपरिक विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। पकवानों का भोग लगाया गया और परिक्रमा के बाद एक अनोखी रस्म भी निभाई गई। गाय के गोबर से बनाए गए गोवर्धन को पूजन के बाद दो बैलों के पैरो को महिलाओं द्वारा बनाए गए गोवर्धन पर चढ़ाया गया व बैलों के पैर से इसे गुदाया गया। इसके बाद सभी महिलाओं ने दोनों बैल जोड़ी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जिसे देखने नगर के लोग पहुंचे।

## पड़वा पर किसानों ने किया बैलों का पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



लक्ष्मी पूजन के बाद बुधवार के दिन किसानों द्वारा गोवर्धन पूजन कर दीपावली उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान किसानों द्वारा अपने पशुओं का आकर्षक श्रृंगार कर पूजन किया गया। नगर चापडा में बुधवार की शाम को जिन किसानों के पास बैल है, उनके द्वारा बैलों का आकर्षक श्रृंगार कर परिवार के साथ पूजन किया गया। किसान बृजमोहन यादव, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश दास वैष्णव ने बताया कि आज के आधुनिक समय में ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसानों का यहां बैलों की संख्या काफी कम हो चुकी है, जिन किसानों के यहां बैल है उन किसानों के लिए यह दिन काफी उत्साह भरा होता है, जिसका वह पूरे वर्ष इंतजार करते हैं। लक्ष्मी पूजन के बाद पड़वा के दिन गोवर्धन पूजन के साथ ही परिवार के साथ घर के आंगन में विधि विधान सब के साथ बैलों का पूजन किया जाता है। उसके बाद उन्हें खीर पूरी खिलाई जाती है, साथ ही पूरा परिवार बैलों के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। बैल पूजन के पश्चात आतिशबाजी कर दीपावली मनाई जाती है।

**खबर संक्षेप**

### देश के 191 और प्रदेश के 11 शहीदों को किया नमन

**हरदा।** देशभर में शहीद हुए पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। मंगलवार को पुलिस लाइन में देशभर के 191, प्रदेश के 11 शहीदों को नमन किया गया। शहीदों के सम्मान में आयोजित समारोह में पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर, परेड का आयोजन किया। आरआई रजनी गुर्जर के मार्गदर्शन में पुलिस जवानों ने अपनी बंदूकें झुकाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं एसपी शशांक, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शहीद इलाप सिंह पटेल के बड़े भाई गुमर सिंह पटेल और शहीद दीपसिंह चौहान के बड़े भाई अनारसिंह चौहान को आमंत्रित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान एसपी शशांक ने बताया 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस बल के जवानों ने देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहूति दी थी। उनके अदम्य साहस और देशभक्ति की स्मृति में इस दिन को पुलिस शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### विशेष श्रंगार कर 56 भोग लगाया

**हरदा।** प्राचीन हंडिया देवी मंदिर में बुधवार को नगर की महिलाओं ने माता दुर्गा की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए। रंग-बिरंगे व्यंजनों से सजाए भोगों के साथ पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का कार्यक्रम दो घंटे तक चला। महिलाओं ने कहा यह आयोजन नगर की सुख-शांति और समृद्धि के लिए किया है। इस दौरान उपस्थित भक्तजनों ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। धार्मिक उत्साह और नगरवासियों में भक्ति भावना को और भी प्रगाढ़ किया।

### 26 को होगा दीपावली मिलन समारोह

**हरदा।** नरेंद्र म्यूजिकल ग्रुप द्वारा कुमार शानू नाइट व दीपावली मिलन समारोह 26 अक्टूबर को मौर्य कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति से जुड़े वीपी ओनकर ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम दौर में है। कार्यक्रम में आजाद शेख, इटारसी की गायिका राधिका राणा, खंडवा की पूजा राजपाल, रफीक खान, संजय तिवारी कन्नौद, सीताराम चौहान सिवनी मालवा सहित अन्य गायक प्रस्तुति देंगे।

### आवेदन 31 तक

**सीहोर।** दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। 2025-26 के लिये ऑनलाइन आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर जमा करें।

## लालमाटी में हुए अंधे कत्ल का पुलिस ने किया खुलासा

# मजदूर काम छोड़कर जाने का बोला तो खेत मालिक ने कर दी हत्या





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम लालमाटी में 20 अक्टूबर को एक मजदूर सुखलाल कोरकू का शव खेत में मिला था। पुलिस जांच में सामने आया कि मजदूर की हत्या उसके खेत मालिक रामदीन मालवीय ने की थी।

हत्या का कारण सुखलाल की पत्नी से आरोपी की मुलाकात और मजदूर द्वारा काम छोड़कर जाने की बात थी। पुलिस को जांच के दौरान मजदूर के सिर पर डंडे मारकर हत्या होने का पता चला था। इस मामले में पहले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने घटना का खुलासा किया। एएसपी मिश्रा ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ और मुखबिर तंत्र से जानकारी मिली कि घटना वाले दिन मृतक सुखलाल अपने खेत मालिक रामदीन मालवीय के साथ मवेशी चराने गए थे। करीब चार घंटे बाद आरोपी रामदीन मालवीय हत्या कर अपने घर वापस आ गया था।

### पूछताछ में खेत मालिक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया

सिराली थाना प्रभारी सीताराम पटेल ने बताया कि हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर खेत मालिक रामदीन मालवीय ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि मृतक सुखलाल कोरकू ग्राम इमलीढाना का रहने वाला था और डेढ़ साल से उसके खेत पर मजदूरी कर रहा था। आरोपी ने बताया कि उसे सुखलाल को मजदूरी के करीब पचास हजार रुपए देने थे। तभी उसने काम छोड़कर कहीं और जाने की बात कही थी, जिससे आरोपी को लगा कि यदि वह चला गया तो उसकी मृतक की पत्नी से मुलाकात नहीं हो पाएगी। इसी बात को लेकर आरोपी ने 20 अक्टूबर की सुबह मवेशी चराने ले जाने के दौरान पहले उसे शराब पिलाई और फिर नशे की हालत में चेहरे पर डंडे से हमला कर उसकी हत्या कर दी। सुखलाल के दो बेटे और दो बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटा उसके साथ रहता था। आरोपी रामदीन मालवीय के भी दो बेटे और एक बेटी है। पत्नी का चार साल पहले निधन हो गया था।

**इनका कहना है**

*अंधे क़त्ल का पुलिस ने खुलासा किया है। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर खेत मालिक रामदीन मालवीय ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।*

*सीताराम पटेल,*
*थाना प्रभारी सिराली*

## भाई दूज पर्व जिले में श्रद्धा से मनाया गया

# बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना की



**हरदा।** दीपावली के बाद स्नेह का प्रतीक पर्व भाई दूज गुरुवार को पूरे हरदा जिले में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना की। सुबह से ही शहर में रौनक का माहौल रहा। घर-घर में पारंपरिक व्यंजन बने, और भाई-बहन के रिश्ते को समर्पित यह पर्व पूरे दिन चर्चा में रहा। कई परिवारों ने इस अवसर पर सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर भाई दूज का त्यौहार मनाया। आर्यन नेमा ने बताया कि उनकी बहन ने तिलक लगाकर पूजन किया। मिठाई दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ रही। रसमलाई, बर्फी और काजू कतली की सबसे ज्यादा मांग देखी गई। वहीं, बाजारों में उपहार की दुकानों पर भी अच्छा कारोबार हुआ। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई, वहीं भाइयों ने भी उपहार और आशीर्वाद के रूप में प्रेम जताया। इस मौके पर सोशल मीडिया पर भी भाईदूजह्व ट्रेंड करता रहा, जहां लोगों ने अपने भाई-बहन के साथ तस्वीरें और शुभकामनाएँ साझा कीं। हरदा में भाई दूज के इस पावन पर्व ने दीपावली के उत्सव को और भी रंगीन बना दिया। शहर का माहौल दिनभर स्नेह, मुस्कान और मिठास से भरा रहा।

### तिलक लगाकर मनाया भाई दूज का पर्व



**रहटगांव।** क्षेत्र मे गुरुवार को भाई दूज का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया। इस दौरान बहनों ने भाई को तिलक लगाकर आरती उतारकर उनके मंगल की कामना की। मिठाई सहित अन्य व्यंजन खिलाए भाइयों ने बहनों को उपहार दिया। बहनों ने भाइयों की दीर्घायु व सफलता की कामना की। इस दौरान एक दूसरे से मिलने जुड़ने के साथ दीपावली भाई दूज का शुभकामनाएं का भी दौर जारी रहा।

**गोवर्धन की पूजा की गई**

## सत्यनारायण मंदिर में किया अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

**हरदा।** दीपावली के दो दिन बाद बुधवार सुबह जिलेभर में गोवर्धन पूजा हुई। इस अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। पुजारी पंडित बालू व्यास ने भगवान सत्यनारायण का विशेष श्रंगार किया, जिसके बाद पूजन और महाआरती की गई। पुजारी व्यास ने बताया कि सामान्यतः गोवर्धन पूजा दीपावली के दूसरे दिन होती है। हालांकि, इस वर्ष दो अमावस्या होने के कारण अन्नकूट महोत्सव दीपावली के दो दिन बाद मनाया गया। उन्होंने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को तोड़कर गोवर्धन वासियों की रक्षा की थी। इंद्र ने सात दिनों तक भीषण बारिश कराई थी, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी एक उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी की रक्षा की। अंत में इंद्र ने उनसे क्षमा याचना की, जिसके बाद से गोवर्धन की पूजा शुरू हुई। पुजारी व्यास ने 56 भोग की परंपरा के बारे में भी बताया। उनके अनुसार, माता यशोदा भगवान कृष्ण को दिन में आठ बार अलग-अलग व्यंजन खिलाया करती थीं। जब भगवान कृष्ण ने सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत उठाया, तो ब्रजवासियों ने उन्हें भूखा रहने के बाद 56 व्यंजनों का भोग लगाया। इसी के साथ अन्नकूट महोत्सव भी मनाया जाता है। महोत्सव के दौरान 56 प्रकार के अन्न को कूटकर महाप्रसाद तैयार किया गया। दोपहर 12 बजे मंदिर में पूजन के बाद भगवान को भोग लगाया गया और उपस्थित श्रद्धालुओं को यह महाप्रसाद वितरित किया गया।

## रेलवे स्टेशन पर अनाउंसमेंट के उलट आई रिजर्वेशन बोगी

# देर रात भागदौड़ करते ट्रेन में सवार होने परेशान हुआ परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

खिरकिया रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्थाओं का अंबार है। स्टेशन पर तैनात रेलवे के अधिकारी कर्मचारी रेल मुसाफिरों को ट्रेन के आने जाने और बोगी पोजीशन के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं देते हैं जिसके चलते अचानक ट्रेन आने पर अफरा तफरी माहौल बनता है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी सीनियर सिटीजन यात्री को होती है ।

इस प्रकार का एक घटनाक्रम बुधवार गुरुवार दरमियानी रात को कामायनी एक्सप्रेस 11071 के खिरकिया रेलवे स्टेशन पर हुआ । शहर के व्यापारी रविंद्र दुआ ने बताया कि उनके परिजन जिसमें उनकी माता श्री जो कि सीनियर सिटीजन है उम्र करीब 70 वर्ष है वे खिरकिया से दमोह के लिए इस ट्रेन से यात्रा कर रही थी । रात करीब 12:45 मिनट कामायनी एक्सप्रेस के आने के पूर्व यह बताया गया कि एसी बोगी ट्रेन के इंजन से 17 वें नंबर पर आएगी इसके बाद यह अनाउंसमेंट कर दिया गया। अनाउंसमेंट के बाद दुआ परिवार यात्रा के लिए प्लेटफार्म के आखिरी हिस्से में अपने परिवार के साथ ट्रेन पकड़ने के लिए खड़े हो गए । इसके बाद जैसे ही अचानक ट्रेन में प्लेटफार्म पर आना शुरू किया तो यह दिखाई दिया कि जिस बोगी में दुआ परिवार को यात्रा करना है वह रेलवे इंजन के बिल्कुल सट कर



लगी हुई है । अचानक बोगी की स्थिति आगे होने के कारण परिवार एवं अन्य यात्रियों को रात्रि के समय बोगी की तरफ दौड़ना पड़ा जिसमें सीनियर सिटीजन को सबसे ज्यादा परेशानी हुई । करीब 1 मिनट के स्टॉपेज के दौरान जैसे तैसे परिजनों को ट्रेन में चढ़ाया गया ।

### एसी कंपार्टमेंट बोगी की पोजीशन में फेर बदल बताया

एसी कंपार्टमेंट बोगी की पोजीशन में फेर बदल बताने पर पूरे परिवार को पीछे से आगे की ओर कई मीटर तक भागना पड़ा जिससे महिला यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई इसी बीच ट्रेन भी चलना शुरू हो गई जैसे तैसे परिजनों को स्लीपर में चढ़ाया गया जिसमें परेशान होते हुए वह अपनी अपनी सीट पर पहुंचे । रविंद्र दुआ ने बताया कि खिड़कियां रेलवे स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों को यह परेशानी से रोजाना परेशान होना पड़ता है प्लेटफार्म पर कहां पर कौन सी बोगी आएगी इस बारे में सूचना देने वाले डिस्प्ले लगे तो है लेकिन चालू तक नहीं हुए हैं । स्थानीय रेलवे स्टेशन पर तैनात कर्मचारी भी यात्रियों को पूछने पर भी ट्रेन के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं देते हैं जिसके कारण यात्री परेशान होते रहते हैं अचानक ट्रेन आने की स्थिति में यात्री परेशान हो जाते हैं और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है ।

### डीआरएम व रेलवे के उच्च अधिकारियों को शिकायत की

रविंद्र दुआ ने बताया कि स्टेशन पर तैनात अधिकारी कर्मचारियों की कार्यशैली की शिकायत डीआरएम एवं रेलवे के उच्च अधिकारियों को आज ही अवगत करा दिया है लिखित शिकायत भी दी है। रेलवे स्टेशन पर करोड़ों की लागत से निर्माण तो किया जा रहे हैं लेकिन दोनों प्लेटफार्म पर अंतिम छोर पर यात्रियों के बैठने के लिए कोई भी व्यवस्था एवं सुरक्षा के मद्देनजर रोशनी व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है । रेलवे स्टेशन पर इस प्रकार की अव्यवस्थाओं के चक्कर में परेशान हो रहे यात्रियों के संबंध में जब रात्रि में रेलवे स्टेशन पर तैनात रेलवे अधिकारी दिलखुश मीणा से मोबाइल नंबर 8504934002 पर कई बार फोन लगाया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया । वही ड्यूटी पर तैनात रेलवे के दूसरे अधिकारी अभिषेक बोरासी ने बताया कि बोगी पोजीशन मुंबई भुसावल से ग्रुप के माध्यम पर मिलती है इस आधार पर स्टेशन पर अनाउंसमेंट होता है ।

**इनका कहना है**

रात में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की गलती है, कौन सी बोगी किस स्थान पर आएगी इस बात की पोजीशन खंडवा से टेली करना था उसके बाद अनाउंसमेंट करना था। बोगी डिस्प्ले जल्द ही रेलवे स्टेशन पर शुरू होने वाले हैं ।

**राकेश पंवार,**
रेलवे स्टेशन प्रबंधक खिरकिया

**श्रद्धालुओं को किया सिविल अस्पताल में भर्ती, एक गंभीर घायल को सीहोर जिला अस्पताल किया रेफर**

# बाराखंबा देव स्थान जा रहे श्रद्धालुओं की पिकप पलटी, आधा दर्जन घायल

**भैरुंदा।** बुधवार को सुबह करीब 11 बजे तहसील भैरुंदा के सुआपानी से बाराखंबा जा रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो गांव अंबा,गुलरपुरा के बीच के अनियंत्रण होकर पलटी खा गई। जिसमें आधा दर्जन श्रद्धालुओं घायल हुए। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाड़कई में भर्ती कराया जहां से एक गम्भीर घायल को जिला अस्पताल रैफर किया तो वहीं 4 श्रद्धालु को सिविल अस्पताल भैरुंदा भर्ती कराया गया। पिकअप में करीब 20 श्रद्धालु सवार थे। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

**भगवान का शुक्र है खेत में पलटी, नहीं तो हो सकती थी बड़ी घटना :** श्रद्धालु दिनेश पिता किशनलाल निवासी सुआपानी ने कहा भगवान का शुक्र है खाली खेत में पलटी खाई नहीं तो हो सकती थी बड़ी खतना।





उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 10बजे गांव से बुलेरो पिकअप में करीब 18लोग देव स्थान बाराखंबा दर्शन के लिए रवाना हुए थे। आंबा,गुलरपुरा गांव के पास अंधा मोड़ आया जिसमें बुलेरो पिकअप अनियंत्रण होकर पलटी खा गई। जिसमें 6 श्रद्धालु घायल हो गए। घायल में एक 2 लड़की, लड़का, तीन युवा शामिल थे। एक व्यक्ति गंभीर रूप घायल हुआ था। जिसे जिला अस्पताल रैफर किया गया था। सभी को कही न कही चोटे आई है। सभी का अस्पताल ईलाज जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही लाड़कई चौकी प्रभारी राजकुमार यादव के साथ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाड़कई में भर्ती कराया गया। मौके पर ग्रामीणों एवं परिजनों ने हंगामा करते हुए बुलेरो पिकअप को नहीं ले जाने की बात कही। ग्रामीणों का आरोप है कि पिकअप में सवार सभी लोग घायल हुए हैं। जिसमें से कुछ लोगों का ही उपचार कराया गया है। वाहन मालिक से उपचार कराया जाए। फ़िर वाहन ले जाएं। हालांकि पुलिस की मस्कत और समझाइश के बाद मान गए। वाहन को पुलिस ने अपने साथ लाड़कई चौकी में लाकर खड़ा किया।

### 1 से 6 नवंबर तक होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 1 से 6 नवम्बर 2025 के मध्य सीहोर इसके तहत आयोजित गतिविधियों में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा 07 विधाओं जैसे भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हो सकते हैं।

## कुबेरेश्वरधाम पर 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा अन्नकूट महोत्सव

**सीहोर।** इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर गोपाष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर वि_लेश सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओ को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आगामी 29 अक्टूबर को होने वाले गोपाष्टमी को लेकर गोवर्धन पूजन की झांकी के अलावा 56 भोग सहित अन्य पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं बुधवार को भाई-दूज के पावन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहाकि भाईदूज का पर्व बहुत ही पावन है, खास दिन यमराज और उनकी बहन यमुना के बीच के अनमोल रिश्ते को याद करने का अवसर होता है। भाई दूज पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर, कलावा बांधकर और मिठाई खिलाकर उनके सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना करती हैं।

### उत्साह के साथ मनाया गया गोवर्धन पर्व



**सीहोर।** भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अहंकार को दूर करने की स्मृति में मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा प्रकृति, गौ-सेवा और पर्यावरण संरक्षण का आदर करने का संदेश देती है। केन्द्र और प्रदेश सरकार गौधन के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में गोवर्धन पूजन दिवस के मौके पर बुधवार को संस्कार मंच के संरक्षक मनोज दीक्षित मामा ने कहे। इस मौके पर आश्रम में वृद्धजनों ने श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में परिसर में गोबर से आकृति बनाई थी, इसके पश्चात रंगोली सजाई और दीप प्रज्जवलित कर पर्व मनाया। इस मौके पर समिति की ओर से पंडित सुनील पारासर, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आनंद व्यास, बाबू सिंह, आकाश राय, कमलेश राय आदि शामिल थे। श्री दीक्षित ने कहाकि दीपावली के अगले दिन होने वाला गोवर्धन पर्व प्रकृति, पर्वत और गौ-वंश संरक्षण की भारतीय प्राचीन परंपरा का प्रतीक है। इस परंपरा का साक्षात दर्शन हमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण करने से मिलता है। मानवता की रक्षा के इसी पावन स्मृति में गोवर्धन पूजन किया जाता है। इस पर्व में गौ-धन के संवर्धन की प्रेरणा है जो भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें भारतीय समाज की वह जीवनदृष्टि समाहित है, जिसमें प्रकृति, पशु, मनुष्य और देवत्व का संतुलन देखने को मिलता है। दीपावली के दूसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना की गई और गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की गई। माहौल भक्तिमय बना रहा, और दीपों की रोशनी तथा भजन की ध्वनियों से आश्रम परिसर आलोकित हुआ।

**जिले में गोवंश की संख्या 3 लाख 8 हजार 944 दर्ज की गई है**

# 5.5 लाख से अधिक गाय-भैंस, खच्चर हुए 'गायब'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पशु गणना के नवीनतम आंकड़े सीहोर जिले में दुधारू पशु गाय और भैंस का दबदबा है, जबकि खेती और परिवहन में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक पशु अब लगभग विलुप्त की कगार पर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पशु गणना के मुताबिक सीहोर जिले में गोवंश (गायों) की कुल संख्या 3 लाख 8 हजार 944 दर्ज की गई है। वहीं, भैंसों की संख्या भी 2 लाख 52 हजार 957 है। यानी जिले में कुल 5 लाख 61 हजार 901 दुधारू पशु हैं, जो ग्रामीण आजीविका और डेयरी उद्योग की रीढ़ बने हुए हैं।

आंकड़ों में आधुनिकता का प्रभाव साफ तौर पर दिखाई देता है। जहां गोवंश की संख्या 3 लाख 8 हजार से अधिक है, वहीं कभी परिवहन और सवारी के लिए इस्तेमाल होने वाले घोड़ों की संख्या केवल 129 रह गई है। यानी गायों की संख्या घोड़ों से लगभग 2300 गुना अधिक है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कृषि और माल ढुलाई में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक पशु अब शून्य या लगभग विलुप्त हो चुके हैं। परिवहन में सहायक माने जाने वाले टट्टू -0 और खच्चरों 0 की संख्या शून्य दर्ज की गई है। गधों की संख्या भी मात्र 11 रह गई है।



### बकरियां बड़ा सहारा, ऊंटों की उपस्थिति भी कम

छोटे पशुपालन के क्षेत्र में भी सीहोर की स्थिति मजबूत है। गरीब की गाय कही जाने वाली बकरे-बकरियों की संख्या 1 लाख 15 हजार 408 है, जो ग्रामीण परिवारों के लिए एक बड़ा आर्थिक सहारा है। भेड़ों की संख्या 909 और सुअरों की संख्या 547 दर्ज की गई है। इन सबके बीच सबसे दिलचस्प आंकड़ा ऊंटों का है। रेगिस्तानी क्षेत्र न होते हुए भी जिले में ऊंटों की संख्या 10 दर्ज की गई है।